दिन–गुरूवार दिनांक– 30/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान आज शाम थम जाएगा। प्रचार अभियान में एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने पूरी ताकत लगा दी है। दोनों गठबंधन के अलावा अन्य राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी भी जोर–शोर से प्रचार अभियान में जुटे हैं। इस चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में एक जून को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज एनडीए और महागठबंधन के नेता अपनी पूरी ताकत झोंके हुए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कई संसदीय क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में सभाएं कर रहे हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा नालंदा, जहानाबाद और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान भी कई क्षेत्रों में जन सभाओं में शामिल हुए। इधर, राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद भी पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में रोड शो और चुनाव प्रचार करेंगे। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी संयुक्त रूप से महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में सभाएं कर रहे है।

———————————————————

सातवें चरण में एक करोड़ बासठ लाख से अधिक मतदाता बारह महिला सहित एक सौ चौंतीस उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। सबसे अधिक उनतीस उम्मीदवार नालंदा संसदीय क्षेत्र में जबकी सबसे कम दस प्रत्याशी सासाराम से किस्मत आजमा रहे हैं।

———————————————————

लोकसभा के सातवें चरण के चुनाव में कई दिग्गज उम्मीदवारों और पूर्व केन्द्रीय मंत्रियों की चुनावी किस्मत का फैसला होना है। आरा संसदीय क्षेत्र से केन्द्रीय मंत्री आर.के सिंह, भाजपा के प्रत्याशी हैं उनका सीधा मुकाबला सीपीआई माले के सुदामा प्रसाद से है। वहीं, पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में भी रोचक मुकाबले के आसार है। यहाँ से पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद लगातार दूसरी बार भाजपा के प्रत्याशी हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अंशुल अविजित को चुनावी मैदान में उतारा है। श्री अविजित लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र हैं। इधर, पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामकृपाल यादव और राष्ट्रीय जनता दल की मीसा भारती आमने–सामने है। भाजपा उम्मीदवार श्री यादव लगातार तीसरी बार जीत के लिए चुनावी मैदान में है। काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा और सीपीआई माले के राजाराम सिंह चुनावी मैदान में हैं। भोजपुरी गायक पवन सिंह के चुनावी मैदान में उतरने से इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। इस चरण की बक्सर सीट पर भी सभी की निगाहें हैं। यहाँ से भाजपा ने मिथिलेश तिवारी को और राष्ट्रीय जनता दल ने सुधाकर सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है।

———————————————————

बक्सर सीट पर पूर्व मंत्री ददन यादव और पूर्व आइपीएस अधिकारी आनन्द मिश्रा के भी चुनावी मैदान में उतरने से इस सीट पर मुकाबला चतुष्कोणीय हो गया है। नालंदा संसदीय सीट पर जनता दल युनाइटेड के कौशलेन्द्र कुमार और सीपीआई माले के संदीप सौरभ के बीच आमने–सामने की टक्कर हैं। वहीं, जहानाबाद संसदीय सीट से जदयू प्रत्याशी चन्देश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी और राष्ट्रीय जनता दल के सुरेन्द्र प्रसाद यादव के बीच कड़ा मुकाबला है। सासाराम संसदीय सीट से भाजपा के शिवेश राम और कांग्रेस के मनोज कुमार सिंह के बीच आमने–सामने की टक्कर है।

———————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। आद्रता बढ़ने से लागों को उमस भड़ी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। आज भी राज्य के कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान छियालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। गर्मी के चलते अस्पताल पहुँचने वाले मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद आठ जून तक स्कूलों में शिक्षण कार्य स्थगित कर दिया गया है। वहीं, शिक्षकों को स्कूल आने के

निर्देश दिये गये है। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ और टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक संघ ने इस निर्णय का विरोध किया है।

——————————————————————

साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित मैथिली के विख्यात लेखक और साहित्यकार डॉक्टर कमलाकान्त झा का आज निधन हो गया। वे इक्कासी वर्ष के थे। वे डी.बी. कॉलेज जयनगर के मैथिली विभाग के अध्यक्ष भी रहे थे।

——————————————————————

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा 30 मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा शुरू किए गए प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन से प्रारम्भ हुई। यह दिन सत्य और साहस के साथ जनकल्याण के उद्देश्य से कार्य करने वाले हिंदी पत्रकारों के विशेष योगदान को समर्पित है।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।